दिनांक 14.06.2025
प्रेस विज्ञप्ति 21/2025

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

ए0एन0टी0एफ0 मुख्यालय लखनऊ द्वारा दिनांक 14.06.2025 को नशे के विरूद्ध जनमानस में जागरूकता फैलाने हेतु बड़ा इमामबाड़ा से होते हुये साइकिल रैली का आयोजन कर नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया।

भारत सरकार द्वारा नशे के विरूद्ध अभियान के अंतर्गत हर वर्ष 12–26 जून के मध्य नशा मुक्ति जन जागरूकता पखवाड़ा मनाया जाता है। **श्री राजीव कृष्ण,** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा नशे के विरूद्ध एक राज्य व्यापी अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये।

उक्त निर्देश के क्रम में आज दिनांकः 14.06.2025 को पुलिस महानिरीक्षक एएनटीएफ के कुशल निर्देशन में एएनटीएफ मुख्यालय व लखनऊ यूनिट के द्वारा जनता में नशे के विरूद्ध जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक साइकिल रैली आयोजित की गयी जो बड़े इमामबाड़ा से होते हुये चरक मेडिकल चौराहा, केजीएमयू मेडिकल कालेज चौराहा, केजीएमयू ट्रामा सेंटर व टीले वाली मस्जिद होते हुये इमामबाड़ा के पास सम्पन्न हुयी। एएनटीएफ के कर्मियों द्वारा सीधे जनता को हैण्डबिल के माध्यम से भी नशे के विरूद्ध जागरूकता हेतु प्रचार प्रसार किया गया। पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा बताया गया कि इस प्रकार के विभिन्न कार्यक्रम जिससे जनता को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराया जा सके, नियमित रूप से जारी रहेंगे।

realme P1 5G
Lucknow 2025.06.14 06:30

दिनांक 14.06.2025
प्रेस विज्ञप्ति 22/2025

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

<u>जनपद अलीगढ़/थाना हरदुआगंज</u>

- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूटे गये 10 लाख रूपये नगद**
- **घटना में प्रयुक्त बुलेरो वाहन**
- **घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 14.06.2025 को थाना हरदुआगंज, स्वॉट टीम/सर्विलांस सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर हकीमगढ़ी पुलिया के पास से 05 अभियुक्तों 1–दुष्यन्त 2–रोहित 3–दीप 4–अरविन्द कुमार 5–नवीन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूटे गये 10 लाख रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त बुलेरो वाहन, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना हरदुआगंज क्षेत्रान्तर्गत बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना हरदुआगंज पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना हरदुआगंज पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>

1–दुष्यन्त निवासी तारापुर थाना सोरों जनपद कासगंज।

2–रोहित निवासी नगला लाले थाना सोरों जनपद कासगंज।

3—दीप निवासी मलिकपुर थाना सोरों जनपद कासगंज।

4—अरविन्द कुमार निवासी मलिकपुर थाना सोरों जनपद कासगंज।

5—नवीन निवासी चकूपुर थाना सोरों जनपद कासगंज।

बरामदगी

1—लूटे गये 10 लाख रूपये नगद।

2—घटना में प्रयुक्त बुलेरो वाहन।

3—घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल।

4—02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

जनपद जालौन/थाना कोतवाली उरई

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटनाओं का अनावरण**
- **चोरी के 01 लाख 57 हजार 200 रूपये नगद**
- **01 लाइसेन्सी रिवाल्वर, 01 जीवित कारतूस**
- **01 दो पहिया वाहन बरामद**

दिनॉकः 14.06.2025 को थाना कोतवाली उरई व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मोदी ग्राउण्ड के पास से अभियुक्त राहुल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के 01 लाख 57 हजार 200 रूपये नगद, 01 लाइसेन्सी रिवाल्वर, 01 जीवित कारतूस, 01 दो पहिया वाहन बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली उरई क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोर द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली उरई द्वारा अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण का प्रयास किया जा रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपये आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त राहुल के

विरूद्ध जनपद जालौन, कानपुर देहात, औरैया के विभिन्न थानों पर चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली उरई पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–राहुल निवासी गुढ़ा थाना डकोर जनपद जालौन हाल निवासी राजेन्द्र नगर थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन।

बरामदगी

1–चोरी के 01 लाख 57 हजार 200 रूपये नगद।

2–01 लाइसेन्सी रिवाल्वर, 01 जीवित कारतूस।

3–01 दो पहिया वाहन।

————————